सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 259 | इंदौर, सोमवार 06 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सिक्किम में बर्फबारी-भूस्खलन, 1500 टूरिस्ट फंसे

- 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट; UP में बिजली गिरने से 3 दिन में 15 की मौत



**भोपाल/लखनऊ/शिमला/देहरादून, (एजेंसी)। सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है।**

इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम समेत 3 जिलों में रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं 6 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के ऊंचे इलाकों में भी बर्फबारी हुई। गोंदला में 28.5 सेंटीमीटर, केलांग में 20.0 सेमी, हंसा में 5 सेमी बर्फ गिरी। जबकि शिमला, कुल्लू और मंडी में ओले गिरने से सेब की फसल को नुकसान हुआ। यूपी में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 72 घंटे में 15 लोगों की मौत हुई है। काशी, गोंडा, सुल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में रविवार को रुक-रुककर बारिश हुई। कानपुर, मथुरा, संभल में ओले गिरे। राजस्थान में आज से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। 14 जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश का अलर्ट है। दिल्ली-NCR और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना है।

## टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका : मोदी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी सभा में कहा कि TMC के पापों का घड़ा भर चुका है और अब जनता बदलाव चाहती है। चुनाव के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा- 1905 में मजहबी ताकतों ने बंगाल में लाल इश्तेहार जारी किया था, जिसके बाद हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। TMC उसी की याद दिलाना चाहती है। एक खास मजहब के लोग बंगाल में हिंदुओं का रहना मुश्किल कर देंगे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि TMC शासन में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। एक ओर TMC के करप्शन का भय है तो दूसरी तरफ विकास को रफ्तार देने वाली भाजपा का भरोसा है। एक और TMC के घुसपैठ कराने का भय है तो दूसरी ओर घुसपैठियों को भगाने वाली भाजपा पर भरोसा है।

# 7 अप्रैल से स्लॉट बुकिंग, 10 से होगी गेहूं खरीदी

### सीएम ने समीक्षा, छोटे किसानों को दी जाएगी प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को समत्व भवन में गेहूं उपार्जन के संबंध में मंत्री समूह के सदस्यों एवं कृषक प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन व्यवस्था किसानों के लिए सरल, सहज और सुविधाजनक बनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जन केंद्र तक आने और गेहूं बेचने में किसी भी तरह की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराने वाले सभी किसानों का गेहूं खरीदा जाएगा। रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग मंगलवार, 7 अप्रैल से शुरू होगी, जबकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 अप्रैल से खरीदी प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी।**



मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को कहा कि गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत प्रदेश के सभी तौल केंद्रों का 10 अप्रैल से पहले गहन निरीक्षण करा लिया जाए, ताकि किसानों में किसी भी तरह का संशय न रहे। प्रदेश की सभी कृषि उपज मंडियों के वर्तमान ढांचे में क्रमबद्ध सुधार किया जाये। सभी मंडियों को वैश्विक जरुरतों के मुताबिक अपग्रेड कर इन्हें वर्ल्ड क्लास मंडी की तरह तैयार किया जाये। किसी को भी किसी भी प्रकार की प्रक्रियागत या व्यवस्थागत असुविधा का सामना न करना पड़े। किसी भी केन्द्र में किसानों/ट्रेक्टर-ट्राली की लंबी-लंबी कतारें न लगें, सभी किसानों का सहजता से गेहूं तुल जाये, ऐसी व्यवस्थाएं की जाएं। जिन किसानों से गेहूं खरीदा जाये, कम से कम समय में उनके खातों में भुगतान कर देने की व्यवस्थाएं भी की जाएं।

### 10 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगी गेहूं खरीदी

बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 10 अप्रैल से एवं अन्य सभी संभागों में 15 अप्रैल से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन प्रारंभ होने जा रहा है। जिन संभागों में 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू होनी है, उनके लिए आगामी मंगलवार, 7 अप्रैल से पंजीकृत किसानों की स्लॉट बुकिंग प्रारंभ हो जाएगी।

### 19 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

उपार्जन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए प्रदेश के 19 लाख 4 हजार 644 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। गेहूं उपार्जन के लिए इस वर्ष प्रदेश में कुल 3 हजार 627 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं। बीते उपार्जन वर्ष 2025-26 में 15 लाख 44 हजार 55 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया था। उन्होंने बताया कि इस उपार्जन वर्ष के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,625 रूपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 40 रूपए प्रति क्विंटल बोनस का लाभ भी इस वर्ष देने जा रही है।

### 3.12 लाख बारदानों की आवश्यकता होगी

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन होना अनुमानित है। इसके लिए 3 लाख 12 हजार गठान बारदानों की आवश्यकता होगी। प्रदेश में गेहूं खरीदी आरंभ करने के लिए आवश्यक बारदान का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। केन्द्र सरकार की ओर से लिमिट भी तय कर दी गई है। राज्य सरकार को केन्द्र से हर जरूरी सहयोग भी मिल रहा है। जूट कमिश्नर कार्यालय सहित अन्य बारदाना प्रदायकर्ताओं से भी बारदान सामग्री प्राप्त की जा रही है। इसके साथ ही गेहूं उपार्जन के लिए गठित मंत्रिमंडलीय समिति के निर्देश पर अतिरिक्त बारदान खरीदने की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है।

### छोटा नेहरू स्टेडियम का नाम बदला

# छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर रखा गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के प्रसिद्ध खेल परिसर, जिसे पूर्व में छोटा नेहरू स्टेडियम के नाम से जाना जाता था, उसका आधिकारिक नामकरण अब छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर कर दिया गया है। इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने शहर के सांस्कृतिक और खेल जगत के वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। आयोजन के दौरान उपस्थित जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। इस विशेष समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध लोक कलाकार और युवा शाहीर विक्रांत सिंह राजपूत रहे। उन्होंने समाज प्रबोधनकार की अपनी विशेष शैली में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। विक्रांत सिंह राजपूत ने अपनी ओजस्वी वाणी के माध्यम से महाराज की युद्ध रणनीति, अदम्य साहस और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जनता के समक्ष रखा। उनके गायन और प्रस्तुतीकरण के दौरान पूरा स्टेडियम जय भवानी, जय शिवाजी के उद्घोष से गुंजायमान रहा, जिससे उपस्थित युवाओं में जबरदस्त ऊर्जा का संचार हुआ।



कार्यक्रम की आयोजक और भाजपा नगर मंत्री एडवोकेट स्वाती काशिद ने समारोह को संबोधित करते हुए इस नामकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल परिसर का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखना केवल एक नाम परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों और गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का एक माध्यम है।

### इंदौर में नए ब्रिज छह लेन बन रहे...

# लोकमान्य नगर क्रासिंग पर दो लेन ब्रिज का भूमिपूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में बढ़ते ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए इंदौर विकास प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी जहां छह लेन ब्रिज बना रहे हैं, वहीं लोकमान्य नगर–केसरबाग रेलवे क्रॉसिंग पर केवल दो लेन ब्रिज बनाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा शुरू हो गई है। इस ब्रिज का भूमिपूजन रविवार को सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़ और महापौर पुष्यमित्र



भार्गव की मौजूदगी में किया गया। प्रस्तावित ब्रिज की चौड़ाई 10.50 मीटर रखी गई है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में दो लेन का ब्रिज भविष्य में पर्याप्त नहीं होगा। उनका मानना है कि अधिक यातायात की स्थिति में ब्रिज पर ही जाम लग सकता है और ओवरटेक के प्रयास में हादसों की आशंका भी बनी रहेगी। यह ब्रिज रेलवे विभाग द्वारा लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई करीब 650 मीटर होगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग के आसपास पर्याप्त जगह उपलब्ध है, जिससे यहां छह लेन ब्रिज का निर्माण भी संभव था। ऐसे में अधिकारियों द्वारा दो लेन ब्रिज को मंजूरी दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि दो लेन ब्रिज बनने से रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने के दौरान दिनभर में कई बार होने वाली यातायात बाधा से राहत जरूर मिलेगी। फिर भी लोगों का मानना है कि भविष्य में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए अतिरिक्त लेन की आवश्यकता पड़ सकती है। इस ब्रिज का निर्माण करीब दो साल में पूरा किया जाएगा। खास बात यह है कि ब्रिज निर्माण के लिए ज्यादा बाधक निर्माण भी प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

## आप पार्टी नहीं, लुटेरों की संस्था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आम आदमी पार्टी ने राघव चड्डा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता के पद से हटा दिया था। इसके बाद से ही राजनीति गरमाई हुई है, जहां आप की तरफ से कई नेताओं ने राघव पर आरोप लगाए हैं, तो राघव ने वीडियो जारी करते हुए इन आरोपों पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। अब इसको लेकर मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आप पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लुटेरों की संस्था है. जब तक भीतर 'आवंटन बराबर' रहता है, ये लोग साथ चलते हैं। जैसे ही आवंटन में गड़बड़ी होने लगती है, इनके नेता भागने लगते हैं। जब से आप पार्टी बनी है, योगेंद्र यादव से देख लीजिए आप। तब से एक-एक करके लोग निकलते जा रहे हैं। कुछ लोगों की प्राइवेट कंपनी आप बनी हुई है। इससे पहले मध्यप्रदेश के जबलपुर में ही राघव चड्ढा को उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद मध्य भारत मोर्चा के कार्यकर्ता उनके सपोर्ट में आए थे। उन्होंने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का पोस्टर जलाया. इसके अलावा उपनेता पद पर दोबारा रखने की मांग की गई।

# राजबाड़ा की जगह आसपास ढूंढेंगे बस स्टॉप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सिटी बस कंपनी के संचालक मंडल की बैठक में फैसला लिया गया है कि राजबाड़ा के स्थान पर आसपास ही नया बस स्टॉप ढूंढा जाएगा। अब इंदौर की सडक़ों पर 150 नई ई-बस उतारी जाएंगी। नायता मुंडला और देवास नाका पर बस का नया डिपो बनाया जाएगा। सिटी बस कंपनी के कार्यालय के सभागार में मध्यप्रदेश यात्री परिवहन अधोसंरचना लिमिटेड कंपनी के संचालक मंडल की पहली बैठक आयोजित की गई।**



कंपनी के अध्यक्ष इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर शिवम वर्मा मुख्यमंत्री के आगमन को ध्यान में रखते हुए विमानतल जाने वाले थे, इसलिए वह भी बैठक में वर्चुअल शामिल हुए। बैठक में एआईसीटीएसएल के नई कंपनी में मर्जर के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही नए संचालक मंडल के गठन की वैधानिक प्रक्रिया भी पूरी की गई। बैठक के बाद इस नई कंपनी के कार्यकारी संचालक अर्थ जैन ने बताया कि बैठक में इंदौर से इंटरसिटी और इंट्रा सिटी चलने वाले बसों की विस्तार योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत इंदौर-उज्जैन मार्ग पर एक तरफ जहां बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी, वहीं उनके फेरे भी बढ़ाए जाएंगे। शहर की सडक़ों पर 150 नई ई-बस को उतारा जाएगा। इसके साथ ही सीएनजी बसों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। बैठक में फैसला लिया गया कि बसों के लिए नए डिपो की स्थापना का स्थान निश्चित कर दिया जाए। इसके तहत नायता मुंडला के बस स्टैंड के पास में स्थित जमीन पर नया बस डिपो बनाया जाएगा। इसके अलावा देवास नाका में दूसरा बस डिपो बनाया जाएगा। इंदौर शहर में चल रही सिटी बस के राजबाड़ा के स्टॉप को बंद कर दिया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा कहा गया था कि वहां से बसों का संचालन होने के कारण यातायात बिगड़ जाता है। इसलिए बसों का राजबाड़ा तक जाना और वहां से चलना बंद किया गया है। अब यातायात पुलिस के साथ विचार-विमर्श कर राजबाड़ा के आसपास के क्षेत्र में नया बस स्टॉप निश्चित किया जाएगा। फिर उस बस स्टॉप से बसों का संचालन शुरू होगा।

## अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में बढ़ती गर्मी अब केवल दिन तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि रात के समय भी तापमान में गिरावट न होने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञ के मुताबिक इसे डबल हीट या कंपाउंड हीटवेव कहा जाता है, जिसमें दिन की तेज धूप के बाद रात भी गर्म बनी रहती है। इस स्थिति का असर सीधे लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। रात के समय में लोगों को डिहाइड्रेशन हो रहा है। ऐसे में वह मरीज जो चलने में सक्षम नहीं हैं या फिर अपनी बात ठीक से बता नहीं पाते, उनके लिए समस्या बढ़ जाती है। शहर के शासकीय और निजी अस्पतालों में इस रात के समय हो रही समस्याओं को लेकर मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में गर्म रातों की संख्या तेजी से बढ़ी है। एक अध्ययन में सामने आया है कि 2012 से 2022 के बीच देश के करीब 70 प्रतिशत जिलों में रात का तापमान सामान्य से अधिक रहा है। इसका मतलब है कि लोगों को अब चौबीसों घंटे गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे शरीर को ठंडा होने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा।

### कलेक्टोरेट पर किसानों का आज जमावड़ा

# भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा देने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में 6 अप्रैल को किसान अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। किसान संगठनों ने अपील जारी करते हुए कहा है कि वर्तमान में कई मुद्दों को लेकर किसान वर्ग परेशान है, जिनका त्वरित निराकरण आवश्यक है।**



किसानों की मांग है कि गेहूं की पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज किए जा रहे प्रकरणों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में उन्हें दंडित किया जा रहा है। इसके अलावा, समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द से जल्द शुरू करने और मंडियों में तौल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई है, ताकि किसानों को उपज बेचने में परेशानी न हो। किसानों का कहना है कि 28 मार्च को अंतिम तारीख मानते हुए लगभग 60 प्रतिशत किसानों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाई जाए और लगाए गए दंड व ब्याज को माफ किया जाए। किसानों ने भूमि अधिग्रहण योजनाओं में वास्तविक बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

## हत्या करने के इरादे से किए गए अपहरण की सनसनीखेज घटना का पर्दाफाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। प्रॉपर्टी विवाद को लेकर एक व्यक्ति द्वारा अपने सौतेले भाई के बेटे की हत्या की नियत से अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दे पूरा मामला इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र का है, जहा फरियादी संजू ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके सौतेले भाई योगेश उर्फ शेरा बारोड़ नें मेरे बेटे दीपक बारोड़ को जान से मारने के लिया हिमालया वेल्नेस कंपनी लसुडिया मोरी से मेरे बेटे दीपक का अपहरण कर लिया है। तथा फोन पर कह रहा है कि मैने तेरे बेटे की हत्या कर दी है, और उसकी लाश क्षिप्रा नदी में फैक दी है। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश उर्फ शेरा के खिलाफ मामला दर्ज किया था वही उसे पकड़ने के लिए टीम घटित की गई थी. गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये तकनीकि सहायता से आरोपी योगेश उर्फ शेरा पिता राजेन्द्र बारोड़ की तलाश कर आरोपी को मैने श्री गौ नगर थाना कोतवाली देवास क्षेत्र से आरोपी योगेश उर्फ शेरा के किराये के कमरे से अपहृत दीपक पिता संजू बारोड़ को सही सलामत बरामद किया गया तथा आरोपी योगेश उर्फ शेरा पुलिस को देख कर किराये कि मल्टी की छत पर चढ़ गया व पड़ोस की छत पर कूद गया जिससे आरोपी के दाहिने हाथ व पैर में चोंट आई आरोपी को लसुडिया पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया व प्रकरण के गिरफ्तार किया है।

# दहेज प्रताड़ना में महिला की मौत, तीन पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमजी रोड थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शनिवार को पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गायत्री (22), पत्नी समीर बाली, निवासी उषा फाटक की मौत के मामले में एसीपी विनोद कुमार दीक्षित की जांच के बाद कार्रवाई की गई। आरोपी पति समीर बाली, सास उषा और ननद शिखा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि मृतका को दहेज में पैसे लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाता था। मारपीट और मानसिक दबाव के कारण उसकी तबीयत बिगड़ती गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मृतका का इलाज नहीं कराया। मायके पक्ष द्वारा इलाज के लिए ले जाने की बात पर भी दहेज की मांग पूरी नहीं होने का हवाला देकर मना कर दिया गया।

# पालीवाल समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमजी पालीवाल बांसवाड़ा को सर्वसम्मति से चुना गया






@ (एमआरपी प्रबंध संपादक डीजीआर ग्रुप)

**इंदौर। इंदौर में अखिल भारतीय पालीवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का चुनाव पालीवाल समाज इंदौर के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। चुनाव समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. एस.एस. पालीवाल, संजय जी पालीवाल एवं एडवोकेट शरद जी सराफ की देखरेख में पूरी प्रक्रिया सम्पन्न हुई।**






इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बांसवाड़ा से ओमजी पालीवाल को सर्वसम्मति से चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीपजी कानूनगो (सेंधवा ) महामंत्री संदीप जी मंडलोई (इंदौर), सह महामंत्री संजय जी (बुरहानपुर) तथा कोषाध्यक्ष शैलेशजी पालीवाल (इंदौर) को सर्वसम्मति से चयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से सम्पन्न होने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज की एकता को मजबूत बताया है।

# एमआईसी मेंबर को जान से मारने की धमकी

## पोस्टर फटने की शिकायत पर पहुंचे तो मिली धमकी भरी चिट्ठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में MIC सदस्य और पार्षद को जान से मारने की धमकी मिली है। पोस्टर फटा मिलने पर जब वे मौके पर पहुंचे, तो वहां धमकी भरी चिट्ठी मिली। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद एसीपी मौके पर पहुंचे और जांच की। पार्षद ने थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।**



वार्ड 64 के पार्षद और MIC सदस्य मनीष शर्मा उर्फ मामा को यह धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर तीन इमली चौराहे पर लगे उनके पोस्टर के फटे होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां ट्रैफिक पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन किसी को पोस्टर फाड़ने की जानकारी नहीं थी। जब उन्होंने पोस्टर देखा, तो उसमें से एक चिट्ठी निकली, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। चिट्ठी में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक विशेष वर्ग का उल्लेख किया गया था, साथ ही चावल और वाइन शॉप को लेकर भी धमकी लिखी गई थी। धमकी भरी चिट्ठी मिलने के बाद पार्षद भंवरकुआं थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद एसीपी विजय चौधरी भी मौके पर पहुंचे। पार्षद ने उन्हें पूरा घटनाक्रम बताया, जिसके बाद एसीपी उनके साथ दोबारा स्थल पर गए और जांच की। मामले में थाने में शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

पार्षद ने बताया कि इससे पहले भी उन्हें कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह नहीं पता कि आखिर उन्हें क्यों निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन वे अपने काम से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने साफ कहा कि जो भी गलत काम होगा, उसे वे उजागर करते रहेंगे और कार्रवाई भी करेंगे। पार्षद ने कहा कि वे किसी से डरने वाले नहीं हैं और पुलिस ही बताएगी कि इस घटना के पीछे कौन लोग हैं। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि धमकी देने वाले लोग अपनी हरकतों से बाज आएं, क्योंकि वे निडर होकर अपना काम जारी रखेंगे।

# युवक माफी के लिए गिड़गिड़ाया एसआई ने लात मारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रेडिसन चौराहे पर एक ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर (SI) बलराम सिंह तोमर की मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक जमीन पर बैठकर एसआई के पैर पड़ते हुए उनसे माफी मांग रहा है, लेकिन एसआई उसे लातों से मारते हुए गालियां देने लगते हैं।

एसआई कहते हैं- दो-दो पुलिस वाले आगे खड़े तेरे, तू बोल रहा है रोकेगा नहीं, जबकि युवक कहता है कि सर आपके कहने पर रोक तो दिया...यह वीडियो चार महीने पुराना बताया जा रहा है। ट्रैफिक डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने जांच की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार गलत है। वीडियो काफी छोटा है, जिसमें एसआई मारपीट करते हुए दिख रहे हैं। घटना की शुरुआत कैसे हुई? विवाद क्या था? यह स्पष्ट नहीं है। पूरे मामले में एसआई के बयान लिए जाएंगे। एडिशनल डीसीपी स्तर के अधिकारी जांच करेंगे। दिसंबर महीने की शुरुआत में जब युवक की एसआई तोमर ने पिटाई की, तब उस युवक ने शिकायत नहीं की थी। अब मामले में शिकायत मिलने पर युवक के भी बयान लिए जा सकते हैं। बता दें कि बलराम सिंह तोमर पहले क्राइम ब्रांच में थे। बाद में उनका उज्जैन ट्रांसफर हो गया। कुछ समय पहले ही वे डीआरपी लाइन में आए। यहां से ट्रैफिक थाने में ट्रांसफर हो गया।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज

उज्जैन में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने की समीक्षा बैठक

# सभी विभागों को टाइमलाइन तय करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज हो गई हैं। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने रविवार को प्रशासनिक संकुल में समीक्षा बैठक की और शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व अनुभवों के आधार पर योजना बनाने के निर्देश दिए।**

बैठक के दौरान डॉ. राजौरा ने सिंहस्थ 2016 में पदस्थ रहे अधिकारियों के अनुभवों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा तैयार किए गए प्रशासनिक नोट्स का अध्ययन कर भीड़ प्रबंधन, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं की बेहतर योजना बनाई जाए, ताकि भविष्य में कोई दिक्कत न आए। अपर मुख्य सचिव ने अस्थाई प्रकृति के कार्यों की योजना को व्यवस्थित बनाने पर विशेष बल दिया, क्योंकि पूरे मेले का संचालन इन्हीं पर निर्भर करेगा। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बैठक में स्थाई कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और अस्थाई व तात्कालिक कार्यों की संभावित कार्ययोजना भी बताई। डॉ. राजौरा ने सभी विभागों को अपने-अपने कार्यों की स्पष्ट समय-सीमा तय कर अगली बैठक में योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### भूखी माता ब्रिज दिसंबर 2026 तक होगा तैयार

बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने अधिकारियों के साथ शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंगारेश्वर मंदिर के पास शिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का जायजा लिया, जहां कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री भी पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कार्तिक मेला ग्राउंड से नई खेड़ी तक बन रहे 2.6 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने भूखी माता ब्रिज के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज का निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा, जबकि कनेक्टिविटी रोड जनवरी 2027 तक तैयार हो जाएगी। गेल चौराहे से शांति नगर के बीच सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति पर भी उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निर्माण कार्यों की तेज गति देखकर अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की सराहना की।

'मेरा पति 21 साल बड़ा, मैं साथ नहीं रहूंगी'

# युवती की दलील सुन हाईकोर्ट ने बॉयफ्रेंड संग रहने की दी इजाजत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में एक अनोखा मामला सामने आया है। कोर्ट में 19 साल की युवती ने अपने से 21 साल बड़े पति के साथ वैवाहिक जीवन में सामंजस्य नहीं बन पाने की बात कहते हुए बॉयफ्रेंड के साथ रहने की इच्छा जताई। युवती की इच्छा पर कोर्ट ने उसे अपने प्रेमी के साथ जाने की अनुमति दी। साथ ही 6 महीने की निगरानी के लिए 'शौर्या दीदी' की नियुक्ति भी की गई।

मामला हैबियस कॉर्पस से जुड़ी याचिका का है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में न्यायमूर्ति आनंद पाठक और न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र यादव की युगलपीठ ने यह फैसला सुनाया। युवती के पति अवधेश की ओर से यह याचिका अधिवक्ता सुरेश पाल सिंह गुर्जर ने दायर की थी। आरोप था कि उसकी पत्नी को अनुज कुमार ने अवैध रूप से अपने पास रखा है। युवती को पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर में रखा था। सुनवाई के दौरान युवती को वन स्टॉप सेंटर से सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सिकरवार, हेड कांस्टेबल अखिलेश सेंथिया और लेडी कांस्टेबल भावना द्वारा कोर्ट में पेश किया गया। युवती के माता-पिता, पति अवधेश और प्रेमी अनुज भी कोर्ट में मौजूद रहे। सभी की मौजूदगी में मामले की सुनवाई की गई और न्यायाधीश ने युवती की इच्छा को प्राथमिकता देते हुए फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने युवती से उसकी इच्छा पूछी। युवती ने साफ कहा कि वह बालिग है, किसी अवैध बंधन में नहीं है और अपनी मर्जी से रह रही है। उसने पति और अपने माता-पिता, दोनों के साथ रहने से इनकार कर दिया। युवती ने बताया कि उसकी उम्र 19 साल है, जबकि पति की उम्र 40 साल है। इस 21 साल के अंतर के कारण वैवाहिक जीवन में सामंजस्य नहीं बन पाया और उसके साथ दुर्व्यवहार भी हुआ। कोर्ट के निर्देश पर शासकीय अधिवक्ता अंजलि ज्ञानानी ने युवती की काउंसलिंग की, लेकिन काउंसलिंग के बाद भी उसने अपने बॉयफ्रेंड अनुज के साथ रहने की इच्छा दोहराई। अनुज ने भी कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह युवती की पूरी देखभाल करेगा और किसी तरह की प्रताड़ना नहीं देगा। इन परिस्थितियों को देखते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका का उद्देश्य समाप्त हो चुका है।

कोर्ट ने युवती को अनुज के साथ जाने की अनुमति देते हुए अंजलि ज्ञानानी और लेडी कांस्टेबल भावना को अगले 6 महीने के लिए 'शौर्या दीदी' नियुक्त किया, जो युवती के संपर्क में रहकर उसकी सुरक्षा, भलाई और मार्गदर्शन सुनिश्चित करेंगी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि युवती को वन स्टॉप सेंटर, कंपू ग्वालियर से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मुक्त किया जाए। इसी के साथ याचिका का निस्तारण कर दिया गया।

# चंबल के कछुए बने नमामि गंगे मिशन में मां गंगा के 'प्राकृतिक सफाई-योद्धा'

कछुओं के संरक्षण-संवर्धन से जलीय पारिस्थितिकी होगी सशक्त और संतुलित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार जंगलों और जल स्रोतों को समृद्ध बनाकर वन्य और जलीय जीवों के संरक्षण के लिये सतत प्रयास कर रही है। विशेष रूप से साफ पानी वाली नदियों में कछुओं की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण-संवर्धन से हमारा जलीय पारिस्थिकी तंत्र सशक्त और संतुलित बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति और वन्यजीवों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। कछुओं का विमुक्तिकरण और चीता पुनर्वास की दिशा में बढ़ते कदम मध्यप्रदेश को वन्य-जीव पर्यटन और संरक्षण के वैश्विक मानचित्र पर और अधिक प्रभावी रूप से स्थापित करेंगे। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र में कछुओं की महत्ता पर जोर देते हुए जल संरचनाओं के संरक्षण का आहवान किया।

नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत चंबल नदी में संरक्षित दुर्लभ प्रजातियों के कछुए अब गंगा नदी की स्वच्छता और पारिस्थितिकी पुनर्जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्राकृतिक रूप से जैविक कचरे और सड़े-गले अवशेषों को खाने की क्षमता के कारण इन्हें नदी के 'प्राकृतिक सफाई-योद्धा' के रूप में उपयोग किया जा रहा है।



प्रदेश में नमामि गंगे परियोजना के शुभारंभ के बाद से ही चंबल में संरक्षित कछुओं को गंगा में छोड़ने का प्रयोग शुरू किया गया था। इसी क्रम में 26 अप्रैल 2025 को चंबल के संरक्षण केंद्रों से 20 दुर्लभ 'रेड क्राउन रूफ्ड टर्टल' (बटागुर कछुये) उत्तर प्रदेश के हैदरपुर वेटलैंड और गंगा की मुख्य धारा में छोड़े गये।

### गंगा पुनर्जीवन के 'जलीय योद्धा'

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य क्षेत्र में पाए जाने वाले बटागुर और बटागुर डोंगोका जैसे दुर्लभ कछुए गंगा की सफाई और जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में सहायक माने जा रहे हैं। इन कछुओं को गंगा नदी के विभिन्न हिस्सों में छोड़ा जा रहा है। नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत चंबल के ये दुर्लभ कछुए अब गंगा के पुनर्जीवन अभियान के 'जलीय योद्धा' बनकर उभरे हैं। अपनी प्राकृतिक सफाई क्षमता के माध्यम से ये न केवल नदी की स्वच्छता में योगदान दे रहे हैं, बल्कि जलीय जैव विविधता को पुनर्जीवित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### गंगा की प्राकृतिक सफाई में कैसे मददगार हैं कछुए

विशेषज्ञों के अनुसार गंगा नदी के कई शहरी तटों पर बढ़ते प्रदूषण के कारण जैव विविधता संकट में है। ऐसे में कछुए जैसे जलीय जीव नदी की प्राकृतिक सफाई में अहम भूमिका निभाते हैं।

**मांसाहारी प्रकृतिः** ये कछुए नदी में मौजूद सड़े-गले जैविक पदार्थ और मृत जीवों को खाकर पानी को प्रदूषित होने से बचाते हैं।

**पारिस्थितिकी संतुलनः** इनके कारण नदी के जलीय तंत्र में संतुलन बना रहता है, जिससे पानी की गुणवत्ता बेहतर होती है।

**जैविक कचरे का निपटानः** ये कछुए ऐसे जैविक अवशेषों को भी खत्म कर देते हैं जिन्हें मशीनों से साफ करना कठिन होता है।

### चंबल में पाई जाती हैं कछुओं की नौ दुर्लभ प्रजातियां

चंबल नदी में कुल नौ दुर्लभ प्रजातियों के कछुए पाए जाते हैं। इनमें बटागुर कछुआ प्रमुख है, जो मीठे पानी में रहने वाला सर्वहारी जीव है। यह नदी में बहते वनस्पति और मृत जीवों को खाकर जल को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करता है। इसी प्रजाति का बटागुर डोंगोका 'नदी का स्वीपर' कहलाता है। इसके अलावा साल कछुआ, धमोक, चौड़, मोरपंखी, कटहेवा, पचेड़ा और इंडियन स्टार कछुआ जैसी दुर्लभ प्रजातियां भी चंबल में हैं।

# अब 24 घंटे में मिलेगी पाइपलाइन बिछाने की अनुमति, 5 दिन में देना होगा PNG कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन व्यवस्था के विस्तार को अब सरकार ने प्राथमिकता में लिया है। तय किया है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं से आवेदन प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर अनुमति दी जाएगी। जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन पहले से है, वहां आवासीय परिसर, स्कूल, हास्टल, कालेज, कम्युनिटी किचन और आंगनबाड़ी केंद्रों को आवेदन प्राप्त होने के पांच दिन में पीएनजी कनेक्शन देना होगा। पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की निगरानी के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर, एडीएम, जिला आपूर्ति अधिकारी और संबंधित सीजीडी संस्थाओं के अधिकारी समीक्षा करेंगे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर रविवार को समीक्षा की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार पीएनजी कनेक्शन प्रदाय करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण और औद्योगिक विकास निगम को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाओं को आवेदन करने के 24 घंटे में पाइप-लाइन बिछाने की अनुमति देने के निर्देश दिए हैं। शहर के जिन स्थानों में पाइप-लाइन बिछ गई है, उसके आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनियों द्वारा अवगत कराया गया है कि वह पीएनजी कनेक्शन प्राप्त करने के लिए तत्काल आवेदन करें। पीएनजी कनेक्शन प्राप्त नहीं करने की स्थिति में आगामी तीन माह में एलपीजी का कनेक्शन बंद किया जा सकता है।

## संपादकीय

# घटते स्क्वाड्रन की चुनौती के बीच वायुसेना प्रमुख का अमेरिकी दौरा

ईरान जंग के बीचवायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह अमेरिका पहुंचे हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। वायुसेना प्रमुख भारत-अमेरिका के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत करने संबंधी बैठकों में हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि इससे अमेरिका और भारत की वायुसेना के बीच रिश्तों को भी मजबूती मिलेगी। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने X पर फोटो शेयर करते हुए पोस्ट किया वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की मेजबानी करना और उनका स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। वे भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने तथा दोनों वायु सेनाओं के बीच मजबूत और बढ़ते संबंधों को बनाए रखने के लिए अपनी अमेरिका यात्रा शुरू कर रहे हैं। वायुसेना प्रमुख का अमेरिका दौरा तब हो रहा है जब कुछ दिन पहले रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने फरवरी में रक्षा बलों की युद्ध तत्परता बढ़ाने के लिए कुल 3.60 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों के पूंजीगत अधिग्रहण को मंजूरी दी। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत से 114 बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमआरएफए) की खरीद के लिए एक आरएफआई (सूचना के लिए अनुरोध), या प्रारंभिक निविदा जारी की। इसे हाल के वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े सैन् खरीद कार्यक्रमों में से एक के रूप में प्रचारित किया गया था। इस परियोजना के अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफ/ए-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल थे। लड़ाकू विमानों की खरीद का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या आधिकारिक तौर पर स्वीकृत 42 की संख्या से घटकर 31 रह गई है। लगभग 13 साल पहले, रक्षा मंत्रालय ने मध्यम बहु-भूमिका लड़ाकू विमान (एमएमआरसीए) के एक बेड़े की खरीद के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी पूरी कर ली थी। हालांकि, यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई थी।

## सैर सपाटा

# बच्चों के साथ अभी से कर लें समर वेकेशन का प्लान

## ये 6 जगह हैं बेस्ट



**बच्चों के समर वेकेशन शुरू होने से पहले ही उनकी छुट्टियों को प्लान कर लें। जिससे बाद में किसी भी तरह की गड़बड़ ना हो। समर हॉलिडे स्टार्ट होने से पहले ही बच्चे अक्सर कहीं ना कहीं घूमने की डिमांड करने लगते हैं और पैरेंट्स समझ ही नहीं पाते ही इस गर्मी में उन्हें किन जगहों की सैर कराई जाए। ऐसे में ये 6 प्लेसेज बेस्ट डेस्टिनेशन हो सकते हैं। जहां आप बच्चों के साथ ना केवल छुट्टियां एंज्वॉय करेंगे बल्कि बच्चों को भी कुछ सीखने को मिलेगा।**

### दार्जिलिंग



गर्मियों में किसी कूल डेस्टिनेशन पर बच्चों को लेकर जाना चाहते हैं तो दार्जिलिंग बेस्ट डेस्टिनेशन होगी। यहां पर आपको ट्वॉय ट्रेन का मजा मिलेगा और साथ ही ट्रेन से टी गार्डेन, माउंटेन व्यू के साथ कंचनजंगा की ऊंची चोटियां भी देखने को मिलेगी। जिससे आप बच्चों के साथ बगैर थकान के वेकेशन को एंज्वॉय कर सकते हैं। साथ ही इस तरह के डेस्टिनेशन पर आप उन्हें क्लाइमेट और लैंडस्केप से जुड़ी नॉलेज भी दे सकेंगे।

### जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क



बच्चों को अगर एनिमल्स देखने का शौक है तो जिम कार्बेट नेशनल पार्क ले जाएं। जंगल सफारी के दौरान वो करीब से डियर, एलिफेंट, बड्र्स देख पाएंगे और लकी हुए तो टाइगर भी दिख सकता है।

### मैसूर



बच्चों के साथ वेकेशन प्लान करना है तो मैसूर की ट्रिप पर जाएं। जहां मैसूर पैलेस के साथ ही ओल्डेस्ट जू भी है। जहां पर बच्चों को बच्चों को ले जाना बेस्ट आइडिया हो सकता है।

### जयपुर



बच्चों को हिस्ट्री में इंटरेस्ट है तो जयपुर जैसे प्लेसेज पर लेकर जाएं। जहां पर उन्हें फन वे में हिस्ट्री से जुड़ी जानकारियां मिलेंगी और समर वेकेशन इंटरेस्टिंग हो जाएगा।

### ऋषिकेश में करें नेचर कैंपिंग



बच्चों को नेचर के करीब लाना है, तो साथ में नेचर कैंपिंग करवाएं। पहली बार कैंपिंग के लिए जा रहे तो ऋषिकेश बेस्ट प्लेस हो सकती है।

### ऊटी



ऊटी बहुत ही पॉपुलर डेस्टिनेशन है। जहां आप बच्चों को ट्वॉय ट्रेन के मजे दिलाने के साथ बॉटैनिकल गार्डन में टाइम स्पेंड कर सकते हैं। बच्चे यहां पर रिलैक्स करने के साथ ही मौसम से जुड़ी नॉलेज भी इकट्ठा कर सकते हैं।

New Delhi

# अभी नहीं थमेगा तूफानी बारिश का दौर, दूसरा पश्चिमी विक्षोभ भी ढाएगा कहर, 10 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अप्रैल के महीने की शुरुआत ही तूफानी बारिश के साथ हुई है और यह सिलसिला अभी थमने वाला भी नहीं है। मौसम विभाग के मुताबिक 7 और 8 अप्रैल को दूसरा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत में अपने तेवर दिखाने वाला है। मौसम विभाग ने राजधानी दिल्ली, यूपी-बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और हिमाचल में आंधी के साथ मध्यम से तीव्र बारिश का अलर्ट जारी किया है। कम से कम 9 राज्यों में मौसम में बड़ा बदलाव होगा और तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री नीचे रह सकता है।

फिलहाल उत्तर प्रदेश, बिहार समेत उत्तर के राज्यों में



बादलों की आवाजाही जारी है। रविवार को कई जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। 06 अप्रैल को भी ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। वहीं 7 और 8 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आंधी-पानी की संभावना है

**दिल्ली का मौसम-** राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज अभी बिगड़े रहने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि 6 अप्रैल को हल्की धूप खुल सकती है लेकिन शाम तक मौसम फिर करवट बदलने लगेगा। 7 और 8 अप्रैल को फिर से बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के दौरान वज्रपात की भी संभावना है ऐसे में प्रयास करें कि बारिश के दौरान घरों से बाहर ना निकलें।

Bihar

## शंकराचार्य बोले-मोहन भागवत शादी कर बच्चे क्यों नहीं पैदा करते



**बरेली, (एजेंसी) 'हमने तो कहा था कि मोहन भागवत और उनके प्रचारक आएं, विवाह करें, बच्चे पैदा करें, जनसंख्या बढ़ाएं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जनसंख्या विस्फोट हो रहा। दूसरी तरफ, ये लोग जनसंख्या बढ़ाने की बात करते हैं। अगर संख्या बढ़नी इतनी जरूरी है तो आप शादी करके बच्चे पैदा क्यों नहीं करते। दूसरों पर बोझ क्यों लादते हो। पहले खुद करो, फिर दूसरों से कहो।'**

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को बरेली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बातें कहीं। वे RSS प्रमुख के 3 बच्चे पैदा करने वाले बयान से जुड़े सवाल पर जवाब दे रहे थे। दरअसल, भागवत कई बार कह चुके हैं कि हिंदुओं के लिए तीन बच्चे पैदा करना जरूरी हैं।

पिछले महीने मथुरा दौरे पर भी भागवत ने कहा था- डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं। आपसी झगड़े-टकराव भी कम होते हैं।

विपक्ष का समर्थन करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि सत्ता पक्ष कहता है कि हम विपक्ष के साथ हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप हमारी बात सुनें। गो-माता की रक्षा के लिए कानून बनाएं। हम आपके साथ खड़े हो जाएंगे।

P. Bangal

## 'इंटरव्यू' के बहाने बुलाकर युवती को जिंदा जलाया, शादी करने से किया था इनकार

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के मैदान इलाके में जिस महिला को जिंदा जला दिया गया था, उसकी मौत हो गई है. ईडन गार्डन्स के पास एक 30 साल की महिला को कथित तौर पर केरोसिन डालकर आग के हवाले कर दिया गया था. गंभीर रूप से झुलसी महिला का SSKM अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उसने दम तोड़ दिया. ये घटना 3 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे गंगा सागर मैदान के पास हुई थी. आरोपी की पहचान सिद्धार्थ चारीवाल के रूप में हुई है जिसने पीड़िता को उस सुनसान इलाके में बुलाया. यहां मृतका और आरोपी के बीच किसी बात पर बहस हुई. बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने महिला पर केरोसिन डालकर उसे आग लगा दी. मृतका की मां के मुताबिक, उनकी बेटी को एक इंटरव्यू के बहाने गंगा सागर मैदान बुलाया गया था. उन्होंने जब शाम 4 बजे जब बेटी को फोन किया, तो एक पुलिस अधिकारी ने फोन उठाया और घटना की जानकारी दी. इस हादसे में उनकी बेटी 90 प्रतिशत तक जल चुकी थी. मरने से पहले महिला ने अपनी मां और पुलिस को दिए बयान में बताया था कि सिद्धार्थ ने ही उस पर केरोसिन डालकर आग लगाई थी.

Uttarpradesh

## खेत में मिला पुरुष और शादीशुदा महिला का शव, प्रेम-प्रसंग के चलते आत्महत्या का शक

**जालौन, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के जालौन में रविवार शाम को एक खेत में एक पुरुष और एक शादीशुदा महिला के शव मिले. जिससे इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस को शक है कि दोनों ने अपने प्रेम-संबंध के चलते आत्महत्या की है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.**

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर कालपी के स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ लोहार गांव पहुंचे. उन्होंने हरियाणा के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक मोटरसाइकिल को ज़ब्त किया. जिसके आधार पर शवों की पहचान प्रमोद (35) और पूनम (36) के रूप में हुई.

SP ने बताया कि जांच में पता चला कि उनके परिवार हरियाणा के गुरुग्राम ज़िले के मानेसर में रहते थे. प्रमोद टैक्सी ड्राइवर का काम करता था और अक्सर महिला के पति, हरिशंकर के घर आता-जाता रहता था. महिला के पति ने 27 मार्च को मानेसर पुलिस स्टेशन में पूनम के लापता होने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी.

अधिकारी ने बताया कि प्रमोद की जेब से सल्फ़ास की गोलियों का एक खाली डिब्बा मिला, और घटनास्थल से सल्फ़ास पाउडर का एक छोटा पैकेट भी बरामद हुआ. सिंह ने कहा कि पहली नज़र में यह मामला प्रेम-संबंध से जुड़ा हुआ लग रहा है. फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

खेल

# बेंगलुरु की चेन्नई पर धमाकेदार जीत, 43 रनों से शिकस्त देकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची आरसीबी

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के मैच नंबर-11 में रविवार (5 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) का सामना चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) से हुआ. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया. मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 43 रनों से शानदार जीत हासिल की.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 251 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वो 207 रनों पर ढेर गई. सीएसके की मौजूदा सीजन में ये लगातार तीसरी हार रही. वहीं आरसीबी की ये लगातार दूसरी जीत रही और वो अंकतालिका में पहले नंबर पर आ गई.

बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) को 6 विकेट से हराया था. उधर चेन्नई सुपर किंग्स को



इस सीजन पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (RR) के हाथों 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी. फिर पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम को पंजाब किंग्स (PBKS) ने भी 5 विकेट से पराजित कर दिया था.

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत काफी खराब रही और उसने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए. जैकब डफी ने ऋतुराज गायकवाड़ (7 रन) और संजू सैमसन (9 रन) के विकेट लिए. वहीं भुवनेश्वर कुमार ने आयुष म्हात्रे (1 रन) को पवेलियन रवाना किया. सरफराज खान और 'इम्पैक्ट सब' कार्तिक शर्मा के बीच 47 रनों की साझेदारी हुई, जिसमें ज्यादातर रन सरफराज के थे. सरफराज ने 8 चौके और दो छक्के की मदद से 25 बॉल पर 50 रन बनाए.

सरफराज खान को क्रुणाल पंड्या ने अपनी फिरकी में फंसाया. क्रुणाल ने फिर कार्तिक शर्मा (6 रन) को भी चलता किया. शिवम दुबे (18 रन) के रूप में चेन्नई सुपर किंग्स का छठा विकेट गिरा, जो अभिनंदन सिंह का शिकार बने. इसके बाद जेमी ओवर्टन और प्रशांत वीर के बीच सातवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई. प्रशांत वीर ने 43 और जेमी ओवर्टन ने 37 रनों का योगदान दिया. इन दोनों के आउट होते ही चेन्नई की जीत की उम्मीदें धड़ाशायी हो गईं. नूर अहमद (8 रन) और मैट हेनरी (2 रन) आउट होने वाले आखिरी दो बल्लेबाज रहे.

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने तीन विकेट पर 250 रन बनाए थे. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को विराट कोहली ने अच्छी शुरुआत दिलाई. कोहली ने 2 चौके और एक छक्के की मदद 18 गेंदों पर 28 रन बनाए. कोहली को अंशुल कम्बोज ने शिवम दुबे के हाथों कैच आउट कराया. कोहली के आउट होने के बाद फिल साल्ट ने देवदत्त पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 56 रनों की पार्टनरशिप की. साल्ट ने 30 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल रहे.

सिनेमा

## पिता धर्मेंद्र को मिला सम्मान, अवॉर्ड लेते वक्त इमोशनल हुए बॉबी देओल, बोले- घर जाकर उन्हें बताऊंगा



बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे. मगर उनकी यादें सभी हिंदी सिनेमा लवर्स के दिलों में बसी हैं. उनके हर काम को सराहना मिली है. धर्मेंद्र ने लगभग छह दशक तक इंडस्ट्री में अपने काम से सबका प्यार पाया. उनके जाने से बॉलीवुड इंडस्ट्री का हर सितारा दुखी था. धर्मेंद्र के निधन को काफी वक्त बीत चुका है. मगर उनकी बातें और उनका सम्मान अभी भी किया जा रहा है. बीते दिनों एक अवॉर्ड फंक्शन में एक्टर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. धर्मेंद्र का अवॉर्ड लेने मंच पर बॉबी देओल पहुंचे. अपने पिता को मिल रहे सम्मान से बॉबी की आंखें तुरंत नम हो गईं. वो अपनी स्पीच के दौरान सिसक-सिसक कर रोने लगे और अपने लेजेंडरी पिता धर्मेंद्र को धन्यवाद किया, जिन्होंने अपने योगदान से लोगों का प्यार पाया. बॉबी देओल ने कहा, 'मुझे आप सभी की आंखों में अपने पापा के लिए प्यार दिखाई देता है. मेरे पापा ने आपको जाने बिना ही अपने काम और सोशल मीडिया रील्स के जरिए आप सभी के दिलों को छुआ है. इंस्टाग्राम पर रील्स बनाना उनका नया शौक बन गया था.' बॉबी ने आगे उन लोगों का धन्यवाद किया जिन्होंने उनके पिता धर्मेंद्र और पूरे परिवार को प्यार दिया. एक्टर ने कहा, 'मैं जहां भी जाता हूं, जिससे भी मिलता हूं, मुझे बहुत प्यार मिलता है. क्योंकि मेरे पापा और भाई के लिए सबके दिलों के ताले खुले हुए हैं. लोग मेरे पापा से इतना प्यार करते हैं कि वो बिना सोचे-समझे मुझे और मेरे भाई को अपना लेते हैं.

# Auto sales in India surge to all-time high of ~3 crore units in FY26 on GST boost



**NEW DELHI, (Agency).** Auto sales in India surged to an all-time high to approach the three-crore milestone as the government's move to rationalise goods and services tax created demand for vehicles of all shapes and sizes.

As many as 2,96,71,064 vehicles were registered on the VAHAN portal in the fiscal ended March 2026 — that's 13.30% higher on year-on-year basis, according to data collated and released by the Federation of Automobile Dealers Associations (FADA) on Monday (6 April 2026).

**Auto sales in FY26 (Key Highlights)**

2W sales up 13.40% YoY at 2,14,20,386 units

3W sales up 11.68% YoY at 13,63,412 units

4W sales up 13.00% YoY at 47,05,056 units

CV sales up 11.74% YoY at 10,60,906 units

Tractor sales up 18.95% YoY at 10,50,077 units

Total auto sales up 13.30% YoY at 2,96,71,064

"This is not just a number—it represents the industry approaching the three-crore mark, a milestone that seemed distant just two years ago," FADA President C.S. Vigneshwar said in a statement on Monday.

## Highlights

1. TMC candidate Ratna Chatterjee booked for vandalism in Kolkata
2. Delhi govt bans the sale of LPG cylinders directly from godowns
3. 1 egg auctioned for ₹25,000 for Iran aid in Leh
4. Congress picked UAE ID posted by Pak man, added my wife's pic using AI: Assam CM as he shares pics
5. Video shows long queue of PAs of Karnataka MLAs collecting free IPL tickets
6. PM Modi asks his team for crystal lotus paperweight after spotting it at Kerala event

# Waiting period in health insurance and its types — all you need to know

**NEW DELHI, (Agency).** Rajesh bought a family floater health insurance policy with a sum assured of Rs. 10 lakhs. The policy covered Rajesh, his spouse, and his 2 children. Six months after buying the policy, Rajesh's wife had to undergo a cataract operation. Rajesh filed a claim for Rs. 25,000, but the health insurance company rejected it. The reason given was the waiting period for specific diseases / procedures. Like Rajesh, if you don't want to face any claim rejections, you must be aware of the various waiting periods in a health insurance policy. In this article, we will understand what a waiting period is in a health insurance policy and its types.




A waiting period in a health insurance policy is the specified time period during which the insured person cannot make a claim. If a claim is made, the health insurance company will reject it. So, if the insured person is hospitalised during the waiting period, they have to pay the hospital bill from their own pocket.

The waiting period can apply to the entire health insurance policy or to specified illness/illnesses or medical procedure(s). The waiting period is the fixed time an insurance company requires you to wait before the insurance coverage starts, either for the entire policy or the specified illness(es) / procedure(s).

The waiting period for the same illness can differ across policies of different insurance companies, or among different policies of the same insurance company or among different variants of the same insurance policy. To understand the applicable waiting periods, you must read your policy document

# नाबालिग लड़की से मारपीट के आरोपी सहित 3 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में एक लड़की से मारपीट का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीआई सुशील पटेल ने इस मामले में जांच कर आरोपियों को पकड़ने की बात कही थी।**



पुलिस ने फुटेज के आधार पर ग्वालटोली इलाके में रहने वाले शुभम गैंगस्टर को पकड़ लिया है। उसके खिलाफ लूट समेत पांच अपराध दर्ज हैं। आरोपी ने अपने नाबालिग दोस्त की गर्लफ्रेंड से लड़की का विवाद होने के बाद मारपीट की थी। पुलिस को देखकर शुभम भागने लगा, इस दौरान वह गिर भी गया।

हीरानगर टीआई के मुताबिक वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मारपीट के मामले में शुभम उर्फ मॉडल पुत्र नरेंद्र सिंह धीमान, उसके 16 वर्षीय दोस्त और एक नाबालिग लड़की को हिरासत में लिया है। पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसके नाबालिग दोस्त की गर्लफ्रेंड से पीड़ित लड़की का विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने लड़की को बुलाकर पीटा था। हालांकि जिस लड़की के साथ मारपीट की गई, वह भी नाबालिग है। पुलिस के मुताबिक शुभम धीमान 'गैंगस्टर' नाम से अपनी आईडी चलाता है। उसने नाबालिग लड़की के साथ मारपीट के बाद उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। आरोपी लड़कियों से जुड़े पूरे ग्रुप में डर बैठाना चाहते थे। हीरानगर पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद से ही आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए थे। लड़की के साथ मार्च माह में मारपीट की गई थी। उसके नाबालिग दोस्त और उसकी गर्लफ्रेंड भी इंस्टाग्राम पर रील बनाकर वायरल करते हैं।

## सांवेर रोड स्थित स्टील फैक्ट्री में लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार सुबह करीब 6 बजे सांवेर रोड क्षेत्र में स्थित एक स्टील फैक्ट्री में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। **सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। खूमान स्टील फैक्ट्री में लगी आग को करीब 4 हजार लीटर पानी डालकर नियंत्रित कर लिया गया।**

# कार में छिपा रखी थी 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 24.08 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला भी है, वह अलग-अलग शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजेशन का काम करती है। आरोपियों ने अपनी कार में MD ड्रग्स छिपा रखी थी। टीम ने आरोपियों से ड्रग्स, एक कार, 4 मोबाइल फोन सहित 5 लाख का माल जब्त किया है।**



दरअसल, क्राइम ब्रांच नशे के सौदागरों और खरीदने वालों की धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगल परिसर गार्डन के पीछे कनकेश्वरी खाली मैदान के पास एक सुनसान जगह पर एक कार से चार लोगों को ड्रग्स के साथ पकड़ा है।

इंदौर क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ की खरीदी-ब्रिकी व इनकी गतिविधियों में लिप्त लोगों के संबंध में गोपनीय रूप से जानकारी निकालकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इस दौरान टीम को मंगल परिसर गार्डन के पीछे कनकेश्वरी खाली मैदान के पास सुनसान इलाके पर एक सफेद रंग की वरना कार खड़ी दिखी। कार में एक महिला और 3 आदमी बैठे दिखाई दिए। उनकी एक्टिविटी संदिग्ध लगने पर टीम ने उससे पूछताछ शुरू की।

## भंवरकुआं, अन्नपूर्णा और सदर बाजार को मिले नए टीआई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर पुलिस महकमे में थाना प्रभारी स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। डीसीपी मुख्यालय के आदेश के तहत तीन प्रमुख थानों में नए टीआई की पदस्थापना की गई है, जबकि वर्तमान प्रभारियों को क्राइम ब्रांच भेजा गया है।**

कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर भंवरकुआं थाने की जिम्मेदारी अब संतोष दूधी को सौंपी गई है। यह इलाका छात्र बहुल और संवेदनशील माना जाता है, इसलिए उनकी नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। वहीं, हित गोपाल यादव को अन्नपूर्णा थाना प्रभारी बनाया गया है। वे पहले भंवरकुआं थाने के लिए प्रयासरत थे, लेकिन अजय नायर के स्थान पर उन्हें अन्नपूर्णा भेजा गया। इसी तरह, पीएल शर्मा को सदर बाजार थाने की कमान दी गई है। उन्हें पहले हीरानगर से हटाकर क्राइम ब्रांच भेजा गया था और तब से वे नई पदस्थापना की प्रतीक्षा में थे। इधर, भंवरकुआं से राजकुमार यादव, अन्नपूर्णा से अजय नायर और सदर बाजार से यशवंत बड़ोले को क्राइम ब्रांच में स्थानांतरित किया गया है। तीनों को क्राइम ब्रांच भेजना विभागीय प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है, हालांकि अधिकारियों के बीच उनके कामकाज को लेकर कुछ समय से नाराजगी भी थी। बताया जा रहा है कि तीनों की जनता से संवाद कम था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक